an>

Title: Regarding problem faced by public at toll plaza in Gujarat.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं खूब-खूब आभारी हूँ।

गुजरात के कई टोल रोड्स की फी लागत पूरी होने के बाद भी टोल फी वसूल की जा रही है, जिसकी वजह से वाहन-धारकों का जो खर्च हो रहा है, उसे माल-सामानों की आवाजाही पर जोड़कर वसूल कर रहे हैं। बड़े वाहनों की टोल फी वसूली से महंगाई भी बढ़ रही है। इसलिए टोल रोड के दोनों तरफ तुरंत सर्विस रोड बनाना जरूरी है। जिससे समग्र जिले के वाहन बिना टोल फी दिये आवागमन कर सकें, खासतौर पर गांव-खेड़ा के नागरिकों को यह सुविधा तुरंत मिलनी जरूरी है।

आपके माध्यम से रोड मंत्रालय से मेरी मांग है कि हर टोल रोड की टोल फी वसूल होने पर तुरंत फी वसूली बंद की जाए तथा इसके बारे सारी जानकारी लोक-पट से उपलब्ध करायी जानी चाहिए तथा जानकारियाँ ऑन-लाइन भी होनी चाहिए।